DAY —— 07 SEAT NUMBER | | | | | | |

2024	II	28	1100	J-846	(H)

SECRETARIAL PRACTICE (52)

Time : 3 Hrs. **(4 Pages)** **Max. Marks : 80**

सूचनाएँ : *(१) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।*

(२) दाहिनी ओर के अंक प्रश्नों के पूर्ण गुण दर्शाते हैं।

(३) बायीं ओर दिए गए अंक प्रश्न क्रमांक दर्शाते हैं।

(४) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर नए पृष्ठ से आरंभ कीजिए।

प्र. १. (अ) निम्न दिए गए पर्यायों में से उचित पर्याय चुनकर वाक्यों को पूर्ण करके पुन: लिखिए: (५) **[२०]**

(१) वित्त का अभिप्राय कंपनी की ---- क्रियाओं का प्रबंध करने से है।

(अ) मौद्रिक / आर्थिक (ब) विपणन (marketing)

(क) उत्पादन

(२) कंपनी सार्वजनिक रूप से कम-से-कम ---- माह के लिए जमा / निक्षेप स्वीकृत कर सकती है।

(अ) नौ (ब) छह

(क) बारह

(३) कंपनी ---- परिवर्तनीय ऋणपत्रों का निर्गमन कर सकती है।

(अ) केवल अंशत: (ब) केवल पूर्णत:

(क) अंशत: तथा पूर्णत:

(४) ऋणपत्र पूँजी कंपनी की ---- पूँजी होती है।

(अ) ऋण / उधार (ब) स्वामित्व

(क) स्थिर

(५) ---- कंपनी द्वारा उत्तमर्णों को भुगतान किया गया प्रतिफल है।

(अ) लाभांश (ब) ब्याज

(क) किराया

(ब) जोड़ियाँ मिलाइए : (५)

'अ' गुट	'ब' गुट
(अ) पूँजीगत बजट	(१) असुरक्षित ऋणपत्र
(ब) खेदपत्र	(२) १९५६
(क) संचालक मंडल	(३) निवेश का निर्णय
(ड) डिपॉजिटरी अधिनियम	(४) अंश आवंटन
(इ) अंतिम लाभांश	(५) संचालक मंडल द्वारा निश्चित तथा घोषित
	(६) वित्तीय निर्णय
	(७) संचालक मंडल द्वारा निश्चित तथा सदस्यों द्वारा घोषित
	(८) १९९६
	(९) ऋणपत्र निर्गमन का अधिकार
	(१०) अंश आवंटन नहीं करना

(क) समूह में से अलग / विसंगत शब्द खोजिए : (५)

(१) ऋणपत्र, सार्वजनिक निक्षेप / जमाएँ, संचित लाभ

(२) बोनस अंश, अधिकार अंश, कर्मचारी अंश विकल्प योजना (ESOS)

(३) निजी कंपनी, अयोग्य सार्वजनिक कंपनी, सरकारी कंपनी

(४) डिपॉजिटरी, डी.पी., आर.बी.आई. (RBI)

(५) निजी स्थापन, व्यापारिक साखपत्र, पश्चात का सार्वजनिक प्रस्ताव (FPO)

(ड) निम्नलिखित वाक्यों में से अधोरेखित शब्द सुधारकर पुन: लिखिए : (५)

(१) स्वामित्व पूँजी कंपनी की अस्थायी पूँजी है।

(२) पश्चात के सार्वजनिक प्रस्ताव / निर्गमन (FPO) में जनता को प्रथमत: अंशों का निर्गमन किया जाता है।

(३) लाभांश की सिफारिश अंशधारकों द्वारा की जाती है।

(४) जमा / निक्षेप दीर्घकालीन पूँजी का स्त्रोत होता है।

(५) अंश बाज़ार मुद्रा बाज़ार का एक महत्त्वपूर्ण घटक होता है।

प्र. २. निम्नलिखित संज्ञाएँ/ अवधारणाएँ स्पष्ट कीजिए (कोई चार) : **[८]**

(१) स्थायी पूँजी

(२) ऋण पूँजी

(३) बोनस अंश

(४) डिपॉजिटरी प्रणाली

(५) द्‌वितीयक बाज़ार

(६) अंश बाज़ार / स्कंध विनिमय

प्र. ३. निम्नलिखित घटनाओं एवं परिस्थितियों का अध्ययन करके अपना मत स्पष्ट कीजिए (कोई दो) : **[६]**

(१) वॉयलेट लिमिटेड कंपनी की ऋणपत्र निर्गमन द्‌वारा ₹१० करोड़ प्राप्त करने की योजना है। संचालक मंडल को इस संबंध में कुछ शंकाएँ हैं। कृपया उन्हें निम्नलिखित के संबंध में सलाह प्रदान कीजिए :

(अ) क्या कंपनी परिवर्तनीय ऋणपत्रों का निर्गमन कर सकती है?

(ब) कंपनी द्‌वारा अपने सदस्यों को ऋणपत्र निर्गमित किए गए हैं तो क्या इन ऋणपत्रों पर सामान्य मतदान का अधिकार मिल सकता है?

(क) ऋणपत्रों का निर्गमन करके कंपनी को जो पूँजी प्राप्त होगी उसे स्व:पूँजी कहेंगे या उधार पूँजी?

(२) श्री सतीश के पास राज कंपनी लिमिटेड के १०० अंश भौतिक स्वरूप में हैं और वह उन्हें इलेक्ट्रॉनिक स्वरूप में परिवर्तित करना चाहते हैं :

(अ) श्री सतीश का SBI बैंक में बचत खाता है। क्या वह अपने अंशों को डिमेट हेतु इस खाते में जमा कर सकते हैं?

(ब) इसके लिए कौन-से प्रकार के खाते की आवश्यकता है?

(क) श्री सतीश के अंशों का डिमेटीकरण करने के पश्चात क्या RBI उनके अंशों की संरक्षक होगी?

(३) गोल्ड कंपनी लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष २०१९-२०२० के लिए प्रति अंश ₹१० लाभांश की घोषणा की है :

(अ) यदि कंपनी लाभांश की घोषणा से ३० दिन के भीतर लाभांश का भुगतान नहीं करती है तो क्या वह इसके लिए दोषी मानी जाएगी?

(ब) यदि कंपनी अदत्त लाभांश को उसके ऋणपत्र संचिति (Reserve) लेखे में स्थानांतरित कर देती है तो क्या वह सही है?

(क) क्या कंपनी को अदत्त लाभांश की राशि को ३० दिन के भीतर विनियोक्ता शिक्षण एवं सुरक्षा कोष (IEPF) खाते में स्थानांतरित कर देना चाहिए?

प्र. ४. निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए (कोई तीन) : **[१२]**

(१) स्थायी पूँजी तथा क्रियाशील / कार्यशील पूँजी

(२) अधिकार अंश तथा बोनस अंश

(३) डिमटेरियलायज़ेशन (डिमेटीकरण) तथा रिमटेरियलायज़ेशन (रिमेटीकरण)

(४) लाभांश तथा ब्याज

प्र. ५. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर लिखिए (कोई दो) : **[८]**

(१) कर्मचारी अंश विकल्प योजना को स्पष्ट कीजिए।

(२) जमा / निक्षेप स्वीकृति की कोई चार शर्तें तथा नियम लिखिए।

(३) अंतरिम लाभांश की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

प्र. ६. निम्नलिखित विधान कारण सहित स्पष्ट कीजिए (कोई दो) : **[८]**

(१) बंधपत्र धारक कंपनी के उत्तमर्ण होते हैं।

(२) सुरक्षित ऋणपत्र निर्गमित करने के लिए कंपनी को अपनी संपत्तियों को प्रभारित करना पड़ता है।

(३) पूँजी बाज़ार व्यवसाय क्षेत्र के लिए उपयोगी है।

(४) स्कंध विनिमय / अंश बाज़ार भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास / वृद्धि के लिए कार्य करता है।

प्र. ७. निम्नलिखित प्रश्नों को हल कीजिए (कोई दो) : **[१०]**

(१) सदस्य को लाभांश अधिपत्र द्वारा लाभांश के भुगतान संबंधी पत्र लिखिए।

(२) ऋणपत्र धारक को इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली द्वारा ब्याज के भुगतान संबंधी पत्र लिखिए।

(३) निक्षेपकर्ता / जमाकर्ता को उसकी जमा के नवीनीकरण हेतु पत्र लिखिए।

प्र. ८. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए (कोई एक) : **[८]**

(१) पूर्वाधिकार अंश क्या हैं? पूर्वाधिकार अंशों के विभिन्न प्रकार सविस्तार स्पष्ट कीजिए।

(२) कंपनी अधिनियम २०१३ के ऋणपत्र निर्गमन के प्रावधान स्पष्ट कीजिए।

◆◆◆